<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्स गोरखपुर में पांच सौ बेड के विश्राम सदन का किया शिलान्यास, आज गोरखपुर को एक हजार चार सौ अट्ठानवे करोड़ रुपये की एक सौ सैंतालिस विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- प्रदेश दौरे पर हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता का करेंगे शुभारंभ।
- केंद्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनेदेन पर जीएसटी लगाने के दावे को झूठा, भ्रामक और निराधार बताया, वित्त मंत्रालय ने कहा–फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं।
- प्रदेश के कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज, बीती शाम से ही आंधी, बूंदाबांदी और बारिश का सिलसिला जारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में पांच सौ बेड के पॉवर ग्रिड विश्राम सदन का शिलान्यास किया। कार्पोरेशन के सहयोग से इसे चौवालिस करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से तैयार किया जायेगा। यह न सिर्फ गोरखपुर, बल्कि पूर्वांचल का सबसे बड़ा रैन बसेरा होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गोरखपुर एम्स पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार और नेपाल के लोगों के इलाज के लिये एक प्रमुख केन्द्र बनकर उभरा है।

**सबका साथ और सबके विकास का मूर्त रूप स्वास्थ्य की सुविधा के रूप में भी हम सबको देखने को मिल रहा है। देश के अंदर एक नहीं बल्कि बाईस नये एम्स प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में ही इन दस वर्षों में देश के अंदर बने हैं या बन रहे हैं और उनमें से गोरखपुर एम्स एक है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पूर्वांचल भी स्वास्थ्य सेवाओं का हब बने। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और व्यवहारिक तरीके से गोरखपुर एम्स को विभिन्न अस्पतालों से जोड़ा जाना चाहिये, ताकि मरीजों को और अधिक सुविधाएं आसानी से मिल सकें।

**एम्स गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश का हब बने और यहां से अन्य मेडिकल कॉलेज को स्टॉक के रूप में जोड़ते हुए टेली कंसल्टेशन दें। हम उनको या डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स को दें जिससे जो सामान्य पेशेंट हैं जिसको केवल आप कंसल्टेशन दे सकते हैं और उसके माध्यम से वहीं पर वे अपनी दवा खरीदें, अपने घर जाएं। उस प्रकार के पेशेंट की सुविधा का केन्द्र अगर हम बना देंगे तो डॉक्टर्स भी अधिक से अधिक पेशेंट को यहां सुविधा देने में सफल होगा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज एक हजार चार सौ अट्ठानवे करोड़ की एक सौ सैंतालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शाम चार बजे से मानबेला में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चार सौ अड़तीस करोड़ अड़तीस लाख सात हजार रुपये की बावन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और एक हजार साठ करोड़ अन्ठानबे लाख तिरासी हजार रुपये की पन्चानबे परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

**********

यूनेस्को द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश वासियों को बधाई दी है। श्री योगी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्राप्त यह अभूतपूर्व सम्मान भारत की अनुपम आध्यात्मिक चेतना, अद्वितीय मेधा, शाश्वत ज्ञान–परम्परा, कालजयी कलात्मक प्रतिभा तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मान्यता है।

**********

राज्य सरकार निवेशकों की सुविधा के लिये देश के तीन मेट्रो सिटीज में इंवेस्ट यूपी के दफ्तर खोलेगी। एक रिपोर्ट–

**देश के तीन मेट्रो शहरों– नई दिल्ली, मुंबई और बंगलुरू में इंवेस्ट यूपी के दफ्तर खोलने की तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार इन तीन शहरों में इंवेस्ट यूपी का ऑफिस बनाकर एक ऐसा नेटवर्क बनानी चाहती है, जिससे उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिये और अधिक सुलभ व आकर्शक बनाया जा सके। इस कदम से न सिर्फ प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के लाखों अवसर भी पैदा होंगे। योगी सरकार का यह फैसला राज्य को निवेश का हब बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। इसके अलावा निवेश के बढ़ते रूझान के साथ–साथ नालिज आधारित उद्योगों का विस्तार भी होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता दो हजार पचीस का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन युवाओं में खेल के प्रति रूचि और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया

जा रहा है। सांसद खेलकूद महाकुंभ के लिए लखनऊ को कई जोन में विभाजित किया गया है। खेलकूद महाकुंभ के उद्घाटन के बाद अलग अलग कार्यक्रमों के दौरान रक्षा मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध नागरिकों और जनता के साथ संवाद भी करेंगे।

**********

केंद्र सरकार ने कल सरकार द्वारा दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया। एक वक्तव्य में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया की सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

**********

प्रदेश के अमरोहा, पीलीभीत और मेरठ समेत कई जिलों में कल शाम से ही मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी के साथ इन जिलों में हुई बूंदाबांदी और बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं, गोरखपुर और अम्बेडकरनगर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में आज सुबह हल्की आंधी के साथ बूंदाबांदी और बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया और गोरखपुर जिलों सहित आसपास के जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई थी।

**आगामी पश्चिमी विक्षोभ के साथ संभावित प्रतिक्रिया के कारण प्रदेश में बीस अप्रैल तक मेघ गर्जन तेज झोंकेदार हवाओं पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी के साथ कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है जो मुख्यतया प्रदेश के तराई इलाकों एवं उससे लगे हुए मध्यवर्ती इलाकों तक सीमित रहेगी बीस अप्रैल के बाद इन परिस्थितियों में सुधार होने तथा तापमान में क्रमिक तौर पर वृद्धि आरंभ हो जाने की संभावना है।**

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने कहा कि जिन जिलों में आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश से जनहानि और पशुहानि हुई है, वहां प्रभावितों को तत्काल राहत राशि दी जाये और घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

**********

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरूगन ने मुम्बई में पहली से चार मई तक आयोजित होने वाले अत्यधिक अपेक्षित विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन वेव्स दो हजार पचीस के लिए चल रही तैयारियों के संबंध में कल समीक्षा बैठक की। श्री मुरूगन ने सम्मेलन के आयोजन स्थल पर जमीनी तैयारियों के बारे में भी चर्चा की।

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कल कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन बदलते परिदृश्य में अपनी सामग्री और प्रसारण तकनीक को लगातार बढा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सहगल ने कहा कि दोनों लोक सेवा प्रसारक बेहतर तकनीक अपना रहे हैं।

**जो हमारे श्रोता हैं या हमारे जो दर्शक हैं, उनको वो हम जो भी कार्यक्रम करें, जिस भी वर्ग के लिए करें वो रूचिकर बनाएं और दूसरा जो है तकनीक। टेक्नॉजिकल अपग्रेडेशन हम लोग अपने सारे सेन्टर्स का सारे स्टेशन्स का चाहे वो कैमरा हो, बाय दा मशीन हो, वो सब लाने का प्रयास कर रहे हैं।**

श्री सहगल ने कहा कि प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स अपनी विविध सामग्रियों के साथ हर वर्ग के दर्शकों में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

**********

इटावा जिले के सहसो थाना क्षेत्र में फूप चौरेला मार्ग पर कल शाम दो बाइकों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुखद हादसे में घायल दो अन्य लोगों का इलाज कराया जा रहा है।

**********

संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन दो हजार पचीस का परिणाम आज घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

**********